वी.यू. का निमाड़ में वृहद पशु मेला एवं चिकित्सा शिविर

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर (कर्नल) सीता प्रसाद तिवारी जी की अध्यक्षता में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू के द्वारा ग्राम अंजराडा विकासखंड पाटी जिला बड़वानी में विशाल कृषक प्रशिक्षण संगोष्ठी, पशु चिकित्सा शिविर, पशु मेला का आयोजन डेयरी एवं पशुपालन मंत्री, माननीय श्री प्रेम सिंह पटेल जी मुख्य आतिथ्य में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का पुष्प हार एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया जिनमें माननीय मंत्री प्रेम सिंह जी पटेल, कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान विश्वविद्यालय प्रोफ़ेसर (कर्नल) सीता प्रसाद तिवारी, प्रबंधन मंडल के सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत श्री बलवंत पटेल, जनपद सचिव, डॉक्टर सुनील नायक डॉक्टर बी. पी. शुक्ला, एस.डी.एम. बड़वानी, एस.के. महाजन, डॉ बघेरवाल, डॉ आर.के. जैन आदि रहे।

माननीय मंत्री जी द्वारा वृहद पशु मेला पशु चिकित्सा शिविर एवं संगोष्ठी में अपना दायित्व निभाने वाले विशेषज्ञों का सम्मान शॉल श्रीफल देकर किया जिसमें प्रो. एस.पी. तिवारी, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ. सुनील नायक डॉ. बी.पी. शुक्ला, डॉ. एस.के. महाजन डॉ. हेमंत मेहता, डॉ. दीपक गांगिल, डॉ. जैन डॉ. नानावटी रहे।

अपने उद्बोधन भाषण में माननीय कुलपति जी ने अपने संबोधन में कहा पशुपालन ही एक ऐसा व्यवसाय है जिस पर ना तो मौसम की मार का डर है ना ही बाजार के गिरने का इसलिए पशुपालन को वैज्ञानिक दृष्टि से यदि करेंगे तो काफी अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं डेयरी एवं पशुपालन मंत्री माननीय श्री प्रेम सिंह पटेल जी मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी की भावना के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए इसी तारतम्य में इस विशाल कृषक प्रशिक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया

है। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष माननीय श्री बलवंत सिंह पटेल जी एवं विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल के सदस्य डॉ महेंद्र सिंह ने पशुपालकों को संबोधित किया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बी.पी. शुक्ला ने बताया कि पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू पशुपालकों के लिए विभिन्न विस्तार गतिविधियां समय–समय पर आयोजित करता रहता है। विश्वविद्यालय के संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. सुनील नायक ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की विस्तार गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। वेटरनरी पॉलिटेक्निक के संचालक डॉ आर.के. बघेरवाल, पशु पोषण विभाग के प्रमुख एवम विस्तार सेवाओं के नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. जैन, डॉ. संदीप नानावटी डॉ. हेमंत मेहता, डॉ. विवेक अग्रवाल, डॉ. अखिलेश पांडे, डॉ. जी.पी. जाटव, डॉ. मोहब्बत सिंह जमरा, आदि ने पशुपालकों को मुर्गी एवं बकरी पालन के बारे में जानकारी दी। जबलपुर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय से डॉ. शशिकांत महाजन के नेतृत्व में उपस्थित टीम ने मत्स्य पालन संबंधित जानकारी दी। उक्त प्रशिक्षण में चिकित्सा शिविर के संयोजक डॉ. अतुल परिहार सह संयोजक डॉ. एस.एस. माहौर डॉ. साक्षी दुबे इत्यादि के सहयोग से 5000 दवाइयों के पैकेट वितरित किए गए तथा 15 गाय भैंसों के चटकन के ऑपरेशन किए गए एवं 1200 पशुपालकों ने भागीदारी की साथ ही पशु चिकित्सा शिविर में लगभग विभिन्न विभाग जैसे विस्तार सेवाएं, पोषण विभाग, पशु परजीवी विज्ञान विभाग, पशु जन स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, माइक्रोबायोलॉजी विभाग विकृति विभाग, पशु उत्पाद विभाग एवं एलाइड विभाग जैसे कृषि विभाग डेयरी विभाग मत्स्य विभाग कृषि विज्ञान केंद्र इत्यादि ने प्रदर्शनी के माध्यम से कृषकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनुसूचित जाति एवं जनजाति परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों को बकरी वितरित की गई साथ ही पशु पालन विभाग बडवानी के उपसंचालक डॉ. सी.के. रतनावत एवं डॉ. महेंद्र बघेल द्वारा वन बंधु योजना के अंतर्गत कड़कनाथ मुर्गीया वितरित की गई, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा 25 हितग्राहियों में मत्स्य बीज का वितरण मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र यादव का विशेष योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप नानावटी एवं डॉ. रोहित पाटीदार ने किया एवं आभार कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दीपक गांगिल ने प्रस्तुत किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.विविजबलपुर